
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नालों व खेतों में बह रहा फैक्ट्रियों से निकला गंदा पानी...



11 शासकीय विद्यालय खिसोरा में धूमधाम से ...



## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक आयोग की त्रैमासिक बैठक आज

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में 12 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में अल्पसंख्यक आयोग की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अल्पसंख्यकों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रधानमंत्री के नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने निर्देशित किये हैं ।

### जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आज

**बेमेतरा।** 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे कलेक्टोरेट के दिशा-सभाकक्ष में जिलाधीश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों को आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### युवक की मौत, मामला दर्ज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम सिरपुर निवासी रविकुमार भौसार्य 32 वर्ष की तबियत बुधवार को शाम लगभग पांच बजे ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे तुरंत नगर के शासकीय अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से बीमार था। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे अस्पताल लाए थे। अभी मौत का कारण अज्ञात है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

# जितने बरस की नौकरी पूर्ण होती है, उतने पौधे हर साल लगाते हैं राजेंद्र

## शासकीय विद्यालय कंडरका के प्राचार्य बने लोगों के प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका विकासखण्ड बेरला के प्राचार्य राजेंद्र झा अपने साथी शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थियों और वहां के निवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। श्री झा विगत 9 जुलाई 2009 से लगातार हर वर्ष शिक्षकीय सेवा पूर्ण करने पर जितने वर्ष की सेवा पूर्ण होती है, उतने पौधे लगाते आ रहे हैं।

इसके तहत श्री झा कदम्ब, कटहल, अमरुद, जामुन, मुनगा, बरगद, पीपल, नीम, फास्टल पाम, एरिका पाम, रक्त चंदन, श्वेत चंदन, बादाम, रुद्राक्ष, मौलश्री, कपूर, हर्रा, बहेरा सहित अन्य फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण करते आ रहे हैं। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका केंवरा सेन ने बताया कि प्राचार्य राजेंद्र झा अपने विद्यालय ही नहीं, बल्कि अन्य विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी पौधा रोपण कर हरियाली बिखेर रहे हैं।

उन्होंने अपने शिक्षकीय सेवा के 36 वें वर्ष में 36 औषधीय पौधे और 37 वें वर्ष 37 औषधीय पौधे लगाए। शिक्षकीय सेवा के 8 वें वर्ष 8 पौधे श्वेत चंदन, रक्त चंदन, रुद्राक्ष, मौलश्री, कपूर, कटहल, अमरुद, जामुन, मुनगा, बरगद, पीपल, नीम, फास्टल पाम, एरिका पाम और पुष्पीय पौधे संकुल कंडरका के अंतर्गत सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कर एक पेड़ नौकरी के नाम को सार्थक कर सभी को पौधे लगाने का सुंदर संदेश दे रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस पुनीत कार्य में रविशंकर सेन, चेतन साहू, दीपक साहू, पुष्पा नायक, मनीषा कुलकर्णी, पुष्पांजलि दीवान, भीमलता परगगिहा, तुलसी टंडन, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती साहू तथा मिडिल स्कूल से प्रहलाद कुमार टिकरिहा प्रधानाध्यापक केवरा सेन एवं राजराजेश्वर राजा सम्मलित हुए थे।



### एक पेड़ काटें, तो 10 पौधे लगाएं : केंवरा

नवाचारी शिक्षिका केंवरा सेन कहती हैं कि आज प्रतिदिन पेड़ों की कटाई हो रही है। यदि ऐसा ही रहा तो एक दिन आने वाली पीढ़ी पेड़ क्या है और जंगल क्या है इसके बारे में जान नहीं पाएगी। इसलिए यदि आज यदि एक पेड़ की कटाई हो रही है, तो उनके स्थान पर 10 पौधे हमें लगाने चाहिए। साथ ही औषधि वाले पेड़ों के उपयोग एवं गुण के बारे में भी हमें बताना चाहिए। इस प्रकार से एक प्राचीन चिकित्सा विज्ञान का महत्व और भी बहुत बढ़ जायेगा। समाज के लोग भी प्रति व्यक्ति यदि इस प्रकार यदि पेड़ लगाते हैं, तो निश्चित ही भविष्य में इसके अच्छे परिणाम मिलेंगे। ग्रामस्तर पर या विद्यालय स्तर पर जैसे सफेद चंदन, रक्त चंदन, रूद्राक्ष लगाते हैं तो एक प्रकार से यह अद्भुत है, क्योंकि बहुत लोग इस पेड़ से परिचित नहीं होते। इसे जानेंगे भी एवं उपयोग भी करेंगे, जो बहुत ही कीमती है।

## हादसा

### परपोड़ी थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह ग्राम स्थित नाऊनाला के पास हुई दुर्घटना

# बस ने दोपहिया को मारी टक्कर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सीमावर्ती परपोड़ी थाना क्षेत्र में बीते बुधवार एक सड़क हादसे लापरवाह बस ड्राइवर ने स्कूटी को जोरदार ठोकर मार दी। स्कूटी में सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर परपोड़ी पुलिस की सतर्कता एवं तत्परता का नज़ारा भी देखने को मिला। घटनास्थल से पुलिस की टीम गुजर रही थी। जहाँ बस और बाइक की जोरदार टक्कर के बीच घायल सड़क पर पड़े दो युवकों को परपोड़ी पुलिस ने तत्काल उपचार हेतु रवाना किया, परंतु युवक आशीष ताम्रकार को नहीं बचाया जा सका। लेकिन, दूसरे युवक को समय पर उपचार मिलने से जान बच गई ओर इलाज जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक धमधा-गंडई मार्ग एवं परपोड़ी थाना इलाके में स्थित





गाडाडीह गाँव के नाऊनाला के पास दोपहर के समय यह हादसा हुआ। धमधा के निवासी आशीष ताम्रकार एवं अन्य युवक बाइक पर सवार होकर परपोड़ी अपने दुकान खोलने जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से एक यात्री बस तेज गति से आकर दोनों युवक से जा भिड़ी। इस जोरदार टक्कर से स्कूटी के परखच्चे उड़ गए जबकि दोनों नवयुवक सड़क पर गम्भीर अवस्था में पड़े हुए थे। इसी बीच परपोड़ी पुलिस की नज़र पड़ने पर थाना प्रभारी एएसआई सीएल बंजारे ने घटना की नजाकत को देखते हुए तत्काल मौकास्थल पर स्टॉफ के सहयोग से घायलों को ईलाज के लिए शासकीय सामुदायिक अस्पताल धमधा भेजा । वहीं उपचार के दौरान ही गम्भीर रूप से घायल आशीष ताम्रकार की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस को परिजनों द्वारा एफआईआर का इंतज़ार है, जिसके बाद जांच-तफ्तीश कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# फोन पर बात करते-करते छत पर पहुंचा युवक, हाई टेंशन तार की चपेट में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

साजा थाने इलाके के ग्राम कोदवा में बुधवार की रात एक विद्युत दुर्घटना में इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई।

साजा थाना से मिली जानकारी के मुताबिक कोदवा में स्थानीय नन्दकुमार साहू के यहाँ शादी-

- **कोदवा में युवक की मौत के बाद मातम में बदली विवाह की खुशियां**

विवाह का कार्यक्रम हो रहा था। कार्यक्रम में साजा के वार्ड-08 निवासी 36 वर्षीय उनका भांजा शंकर साहू पिता स्व गजानन्द साहू भी शामिल हुआ था। कार्यक्रम के दौरान शंकर साहू खाना खाकर फोन से बात करने ऊपर छत पर जा पहुंचा। बात करते-करते कमल छत के ऊपर से गुजरे 11 केवी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया। इससे वह बुरी तरह झुलस गया और झटके के साथ सीधे नीचे लगे टिन के शीट पर गिर गया। इस दुर्घटना से



शादी घर में हड़कंप मच गया। परिजन उसे तत्काल साजा सामुदायिक अस्पताल लेकर गए, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंपा गया । साजा पुलिस थाने के मुताबिक इस दुर्घटना को लेकर मर्ग कायम करते हुए पंचनामा तैयार कर लिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना से जुड़ी जानकारी सामने आ पाएगी। बताया जा रहा है कि मृतक पेशे से स्वयं इलेक्ट्रीशियन था और बिजली से जुड़े कार्य कर अपना परिवार चलाता था।



## खबर संक्षेप




### ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा सेमिनार

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग में कार्य करने के लिए दी जाने वाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों का स्टेबलिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली मानसून संबंधित सावधानियां, स्टेशन कर्मचारी एवं गेटकीपर द्वारा सिग्नल का आदान-प्रदान, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग की जानकारी दी गई।

### आठ सौ बांडेड डाक्टर पोस्टिंग के इंतजार में

**रायपुर।** आचार संहिता की वजह अटकी पोस्टिंग आदेश के जारी होने का एमबीबीएस उत्तीर्ण छात्र अब भी इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 बैच के इन छात्रों ने पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से भी इस बारे में मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। उनका तर्क है कि आदेश जारी होने में होने वाली देरी की वजह से उन्हें अतिरिक्त समय तक अपनी सेवा देनी होगी। अभी पोस्टिंग नहीं होने की वजह से उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। अनुबंध सेवा प्रारंभ नहीं होने की वजह से उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन भी नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा इस मामले में शीघ्र ही आदेश जारी होने का आश्वासन दिया है।

### ब्यूटी पार्लर में चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक ब्यूटी पार्लर के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ब्यूटी पार्लर से नकदी 28 हजार, सीसीटीवी कैमरा डीवीआर तथा एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रायल ब्यूटी पार्लर के संचालक अफसाना सैफी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसाना ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते फाल्स सीलिंग तोड़कर पार्लर के अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### वृंदावन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

# 8 सूत्रीय मांग, राज्य भंडार गृह निगम के कर्मचारी 15 से करेंगे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के राज्य भंडार गृह निगम में कार्यरत 2200 कर्मचारी 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी नियमितीकरण, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 4 हजार रुपये की श्रम सम्मान राशि तत्काल प्रदान करने, निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए धरना देंगे।

क्रेडा के संविदा कर्मचारी, एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षक और पटवारियों तथा नायब तहसीलदार के बाद अब छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रांताध्यक्ष नंदकिशोर नागपुरे, प्रांतीय महासचिव रितेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले दो माह से प्रबंधन के लिए हम चर्चा के लिए समय मांग रहे हैं, पर प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में कर्मचारी संघ ने 15 जुलाई से तूता में अनिश्चिकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों की हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण का काम प्रभावित होगा।

### नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन की तैयारी में

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 2 सूत्रीय मांग को लेकर जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे का कहना है कि महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करा दिया है। इसके बाद भी लंबित मांगों को लेकर ध्यान नहीं दिये जाने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग में समस्त नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद कर निकायों से कर्मचारियों के खाते में सीधे वेतन भुगतान किया जाये। श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये तत्काल देना शुरू किया जाये।




- श्रम सम्मान की राशि 4 हजार रुपये देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग
- नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना, पीडीएफ के खाद्य वितरण का कार्य होगा प्रभावित

### प्रमुख मांग इस तरह

- छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल, कुशल और अकुशल कर्मचारियों से जिस पद पर कार्य लिया जा रहा है, उस पद का सृजन कर उस पद के विरूद्ध नियमितीकरण किया जाये।
- निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग।
- नियमित कर्मचारियों का ईपीएफ भविष्यनिधि क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर स्थानांतरित किया जाये।
- श्रम अधिनियम 1948 के नियम को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में लागू करने की मांग।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये प्रदान की जाये।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाये। विभिन्न शाखाओं में रखे गये सुरक्षा गार्ड को तत्काल कार्य से पृथक किया जाये।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के निधन के बाद दाह संस्कार स्वरूप राशि 10 हजार प्रदान करने की मांग।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में 1997 के बाद आज तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। इन्हें नियमित वेतनमान की राशि प्रदान की जाये।

### महिलाओं द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस अब तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी

# नया कानून में महिलाओं को जल्द न्याय का प्रावधान, झूठा वादा कर यौन संबंध तो सख्त सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नए कानून भारतीय नागरिक संहिता में महिलाओं तथा छोटी बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न तथा किसी अन्य प्रकार के अपराध के लिए व्यापक रूप से व्याख्या की गई है। नए कानून के तहत महिला संबंधित अपराध के लिए पुलिस को दो महीने के अंदर जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करना होगा। साथ ही महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

नए कानून की धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर किसी महिला को शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाता है, तो उसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। आरोपी को 10 वर्ष कैद के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि आईपीसी में शादी के झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा करना और पहचान छिपाकर शादी करने जैसी चीजों के लिए कोई साफ-साफ प्रावधान नहीं था। इस तरह के मामलों को आईपीसी की धारा 90 के तहत कवर किया जाता था, जहां झूठ के आधार पर ली गई सहमति को गलत माना जाता था। इस तरह के मामलों में आईपीसी की धारा 375 के तहत आरोप लगाए जाते थे।

### महिला संबंधित अपराध को लेकर जिले के अलग-अलग थानों में अब तक 11 प्रकरण दर्ज, ज्यादातर अपहरण के

#### समय पर मिलेगा न्याय

नए कानून में किसी भी तरह के अपराध में पीड़ित को तीन वर्ष के भीतर न्याय दिलाने का प्रयास किया गया है। साथ ही ई-शिकायत करने में तीन दिन के भीतर पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल करना होगा।



#### नए कानून के तहत जिले में 11 अपराध दर्ज

नए कानून बीएनएस 10 दिन पूर्व 11 जुलाई को लागू किया गया है। नए कानून लागू होने के बाद जिले के अलग-अलग थानों में 11 अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर अपराध नाबालिग के अपहरण का मामला शामिल है। दर्ज अपराध में सात प्रकरण अपहरण के हैं। शेष अन्य प्रकरण छेड़खानी तथा रेप का है।

#### *कानून के जानकारों का यह कहना है*

*एएसपी ललिता मेहर के मुताबिक नए कानून में महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध घटित होने पर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रावधान किया गया है, साथ ही नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुराचार करने पर पीड़िता की अलग-अलग उम्र सीमा को हटाकर 18 वर्ष से कम कर दिया गया है, साथ ही आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।*

#### *अभिभावकों की उपस्थिति में बयान दर्ज*

*नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित 35 धाराएं बनाई गई हैं। सामूहिक बलात्कार के लिए आजीवन कारावास, नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के लिए मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास, यौन संबंध बनाने झूठे वादे करना, पहचान छिपाने जैसे अपराध के लिए नए कानून में अलग से उल्लेख किया गया है। महिला संबंधित यौन अपराध में पुलिस अब पीड़िता के अभिभावक की उपस्थिति में बयान दर्ज करेगी।*

#### पीड़िता को व्यापक सुरक्षा

जिला अभियोजन अधिकारी हिना यास्मिन खान के मुताबिक नए कानून में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के हितों का व्यापक स्तर पर ध्यान रखा गया है। महिला तथा बच्चों के प्राथमिक उपचार कराने से लेकर रेप की सजा में कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 60 दिन के भीतर चालान पेश होने के बाद 90 दिनों के बाद पीड़िता को उनके केस की प्रगति की अनिवार्य रूप से जानकारी देनी होगी। महिला तथा बच्चों को थाना आने में छूट प्रदान की गई है। उनके ऑडियो, वीडियो को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

#### पहली बार चेन स्नेचिंग के लिए कानून

लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक नए कानून में महिलाओं को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। चेन स्नेचिंग की ज्यादातर शिकार बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। आईपीसी में चेन स्नेचिंग को लेकर अलग से कोई कानून नहीं था। वर्तमान में चेन स्नेचिंग को लेकर कानून बनाया गया है। चेन स्नेचिंग में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

# दोपहर में फिर पड़े छीटें अब तीन दिन बाद के सिस्टम पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- राज्य में दस दिन में केवल 82 मिमी. बारिश

बारिश का मुख्य महीना माने जाने वाला जुलाई के दस दिन राज्य में केवल 82 मिमी. वर्षा हुई है और 29 प्रतिशत का संकट बरकरार है। शहर में दोपहर बाद फिर मामूली छींटे पड़े, अच्छी बारिश के लिए 13 जुलाई के बाद सक्रिय होने वाले सिस्टम पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी है, इसकी वजह से उत्तरी हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में भी इसी तरह की स्थिति बनी रही। राज्य में सर्वाधिक वर्षा शंकरगढ़, माकड़ी में पांच सेमी. दर्ज की गई थी। कल शहर में बारिश का प्रभाव अलग-अलग रहा, लभांडी में जहां बादल चार सेमी. तक बरस गए, तो शहर में एक सेमी. बारिश हुई और लालपुर में आंकड़ा 4.8 मिमी. तक पहुंचा था। इसके अलावा बस्तर के अधिकतर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई थी। बुधवार को भी शहर में सुबह के वक्त बूंदाबांदी और दोपहर बाद बादल हल्के रूप से बरसे, जिसका असर विपरीत रूप में हुआ और उमस वाली स्थिति से लोग परेशान होते रहे। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राज्य में 15 जुलाई के बाद माहांत तक वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। राज्य में अब तक 218.6 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत कम है। रायपुर में अब तक 185.4 मिमी. वर्षा हुई है।

# पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 में 58 हुए पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- 370 में से 284 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे
- सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर की भर्ती प्रक्रिया चल रही

पुलिस विभाग में सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। लिखित परीक्षा में 370 अभ्यर्थी पास हुए हैं। पास अभ्यर्थियों की तकनीकी कारणों से मंगलवार की जगह बुधवार को कोटा स्थित स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 58 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने में सफल हुए।

छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2021 के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रत्येक इवेंट में 60 अंक निर्धारित किए गए थे। इस प्रकार कुल-300 अंकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें भर्ती नियम के अनुसार कुल प्राप्तांकों का 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिये पात्र किया गया। सभी इवेंट में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त अंकों की जानकारी एवं कुल प्राप्तांक के आधार पर साक्षात्कार के लिये पात्र तथा अपात्र होने की जानकारी ग्राउंड पर ही दे दी गयी।

#### 15 जुलाई को साक्षात्कार

पुलिस भर्ती के लिए जिन 58 अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है, उन उम्मीदवारों का 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों का प्रवेशपत्र 13 जुलाई को पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। प्रवेशपत्र में उपस्थित होने समय के साथ स्थान तथा आवश्यक दिशा निर्देश का उल्लेख रहेगा।

# झूठे केस में फंसाने की दे रहे धमकी, पुलिस जांच व न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- सिलतरा के कर्मचारी ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की एक नामचीन फैक्ट्री में काम करने की सजा अब मुझे और मेरी पत्नी को भुगतनी पड़ रही है। सरिया की बिक्री में सौदा करते समय रेट में ज्यादा अंतर बताने का खामियाजा भुगतने और तीन लाख लेने के बाद अब संस्थान में काम करके प्रापर्टी बनाने का आरोप लगाते हुए दो महीने पहले डायरेक्टर ने दो अन्य के साथ मिलकर बंधक बनाकर मारपीट की। बल पूर्वक मेरी सारी प्रापर्टी की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली।

कुछ इसी तरह की जानकारी बुधवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोनू कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेरी फाइनेंस कराए गए दो सेकेंड हैंड ट्रक, मकान भी अपने नाम करवा लिया है। अब वाट्सएप के जरिए जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। धरसीवा थाना प्रभारी को मामले में लिखित शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की जांच एवं कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने बताया कि रायपुर में हमारा कोई नहीं है।

मुझे और मेरी पत्नी को लगातार धमकाया जा रहा है। मारपीट करके पहले मेरी जमापूंजी मुझसे छीन ली, अब जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। मैं पुलिस प्रशासन से मामले की जांच और न्याय दिलाने के लिए मांग करने के लिए आया हूं।

# छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधान को बनाएं सरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधानों को सरल बनाने के सुझाव दिये।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रावधान को सरल बनाने इस तरह से सुझाव दिये। इस अवसर पर टेक्निकल टीम के सदस्य मुकेश मोटवानी, अधिवक्ता दयाल राजपाल, महेश शर्मा, युवा चैंबर महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से की मुलाकात
- प्रावधान सरल बनाने दिये सुझाव

- सभी सर्किलों के लिए बकाया राशि की वसूली सूची विभाग द्वारा जारी की जाए।
- बहुत बड़ी संख्या में छोटी राशि के बकाया लंबित हैं, जिनमें डीलर उपलब्ध नहीं हैं। 1 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा वाले ऐसे बकाया को छूट के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है।
- नियम 5 में आवेदक को मांग नोटिस के साथ मूल्यांकन आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसमें शपथपत्र के साथ चालान की प्रमाणित प्रति भी आवश्यक है।
- मूल्यांकन आदेश और डिमांड नोट की मूल प्रति अपील, संशोधन या उच्च न्यायालय में दायर की जाती है। ऐसे मामले में प्रमाणित प्रति संलग्न करना संभव नहीं है। ऐसे में डीलर द्वारा स्वयं प्रमाणित आदेश प्रति, चालान स्वीकार किया जाये।
- शपथपत्र के प्रारूप में एक खंड जोड़ा जाना चाहिए कि "मैं या हम यह घोषणा करते हैं कि हमने कर विवाद को समाप्त करने के लिए ही कर निपटान की इस योजना के तहत आवेदन किया है।
- वाणिज्यिक कर अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर की शर्त को वापस लेने की आवश्यकता है, क्योंकि शपथपत्र आवेदक द्वारा शपथ के तहत दायर किया गया है।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित करने के लिए अधिसूचना जारी की जानी चाहिए।

## राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा, राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा।

छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा, लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नहीं आएगी। दोनों बेहतर समन्वय से काम करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# प्रिज्म कंपनी का दिलीप पाण्डेय 15 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

- शराब के लिए होलोग्राम बनाने वाली कंपनी का स्टेट हेड था
- ईओडब्लू ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की

शराब के लिए नकली होलोग्राम बनाने वाली प्रिज्म होलोग्राम सिक्यूरिटी प्राइवेट फिल्म के स्टेट हेड दिलीप पाण्डेय को ईओडब्ल्यू ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है। गौरतलब है कि मंगलवार को जांच एजेंसी ने दिलीप को गिरफ्तार किया है।

शराब घोटाला मामले की जांच कर रही राज्य की जांच एजेंसी पिछले दिनों धनेली स्थित एक खेत से अधजली हुई हालत में भारी मात्रा में नकली होलोग्राम जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पूछताछ कर रही है। इसी मामले की अगली कड़ी में जांच एजेंसी ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में दबिश देकर नकली होलोग्राम बनाने के उपकरण समेत नकली होलोग्राम परिवहन संबंधी अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसी ने दिलीप से पूछताछ करने कोर्ट से 15 दिनों की रिमांड की मांग की थी।


कंपनी का हार्ड ड्राइव जब्त, इसी से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की हुई थी छपाई

शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नकली होलोग्राम के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी मिले

ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के मुताबिक वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रदेश की सभी डिस्टलरियो में नकली होलोग्राम सप्लाई किया गया है। स्टेट हेड होने की वजह से दिलीप को गिरफ्तार किया गया है। दिलीप पर आरोप है कि स्टेट हेड होने की वजह से वह होलोग्राम बनाने वाली कंपनी के मालिक विधु गुप्ता, शराब घोटाले का किंग पीन अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा एपी त्रिपाठी के संपर्क में रहा है।

# महंगाई के बाद भी ग्राहकों को मुफ्त सिम : बीएसएनएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- बीएसएनएल का किफायती प्री-पैड प्लान

एक तरफ टेलीकॉम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं महंगाई के बाद बीएसएनएल अब अपने नये ग्राहकों को नया सिम मुफ्त उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने किफायती प्री-पैड प्लान उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये हैं।

बीएसएनएल के उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है, देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर मोबाइल के प्री-पैड प्लान उपलब्ध करा रही है। जहां अन्य टेलीकाम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं बीएसएनएल इनके मुकाबले में 25 से 40 फीसदी तक सस्ते प्लान उपलब्ध करा रही है।

विदित हो, बीएसएनएल के देशभर में 1 लाख से अधिक 4जी टॉवर चल रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 4जी के करीब 300 बीटीएस लगाये जा चुके हैं। बाकी के काम प्रगति पर हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग में बने उप सचिव

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा आज जारी आदेश के तहत कबीरधाम जिले में संयुक्त कलेक्टर के पद पर पदस्थ आलोक कुमार श्रीवास्तव को प्रशासनिक आधार पर वहां से स्थानांतरित कर छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग में उप सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है।

### रेट कांट्रेक्ट निरस्त करने से प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी

**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा सीएसआईडीसी के माध्यम से हुए रेट कांट्रेक्ट को निरस्त करने के फैसले का कड़ा प्रतिकार करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस फैसले से हजारों उद्योग बंद होंगे और लाखों श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इतने कम दिनों में भाजपा की सरकार ने हम ही सवारेंगे की अपने नारे के विपरीत हम ही बिगाड़ेंगे पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा की सीएसआईडीसी के रेट कांट्रेक्ट निरस्त करने का मतलब स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योग, प्रदेश की एमएसएमई यूनिट को खत्म करने जैसा हों सकता है। प्रदेश महामंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि, सरकार के इस फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर 11 जुलाई को उद्योग मंत्री से मुलाकात की जाएगी। सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करेगी तो व्यापार उद्योग जगत के लोगों के साथ हर स्तर पर विरोध करेंगे, इसके संबंध में कानूनी सलाह भी लेंगे।

### संजय नगर स्कूल में किया पौधारोपण

**रायपुर।** हिंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ग्राउंड संजय नगर में बुधवार को पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने पौधारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को संदेश दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल 'माँ के नाम एक पेड़' के तहत पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्षों के महत्व को हमें समझना होगा। वृक्षों से अनेक लाभ हैं। हमें न सिर्फ वृक्षारोपण करना हैं बल्कि उनकी देखभाल भी करनी है।

### सेल में बंद हो कर्मियों के साथ भेदभाव, असंतोष

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ भिलाई ने बीएसपी सहित सेल की सभी इकाइयों में एरियर्स व पर्क्स के मामले में भेदभाव खत्म करने की मांग की है। यूनियन ने इस्पात मंत्री को पत्र भेजकर अधिकारियों की तरह ही कर्मियों के साथ भी सुविधाओं के मामले में न्याय दिलाने की मांग की है। यूनियन ने पत्र में लिखा है कि स्टील पीएसयू में कार्यरत 47 हजार कर्मचारियों के मामलों का निपटारा करने के लिए एनजेसीएस का गठन किया गया है। कमेटी में शामिल 25 यूनियन नेताओं में से 20 नेता गैर निर्वाचित और सालों से कर्मचारी प्रतिनिधि बने हुए हैं। इन यूनियन नेताओं को प्रभावित कर सेल प्रबंधन कर्मचारियों के मुद्दों को कई दशक से अटका रहा है। सेल प्रबंधन कर्मचारियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहा है। यूनियन महासचिव आभिषेक सिंह ने कहा कि सेल में 10 हजार अधिकारी वर्ग को 15 प्रतिशत एमजीबी 35 प्रतिशत पर्क्स का लाभ एरियर्स सहित देने के लिए प्रबंधन के पास पर्याप्त फंड था।

# वंदना आटो से यूनिवर्सिटी गेट तक बन रहा आदर्श रोड, डिवाइडर पर लोहे की ऊंची ग्रिल लगाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिवाइडर पर लोहे की ऊंची ग्रिल लगाने का काम शुरू, पाथवे भी बनेगा

स्मार्ट सिटी के अनुरूप शहर के मुख्य मार्ग के जीई रोड को सुंदर स्वरूप दिया जायेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 3.50 करोड़ रुपये खर्च कर इसे आदर्श रोड बनवाने में लगी है। अनुबंधित एजेंसी ने वंदना आटो से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय गेट के सामने तक की सड़क को भव्य बनाने का काम शुरू कर दिया है। लोहे की ऊंची ग्रिल डिवाइडर पर लगाई जा रही है, जिससे अब डिवाइडर फांदकर सड़क पार करना आसान नहीं होगा। ट्रैफिक सुरक्षा के लिहाज से इस बात का खास ध्यान आदर्श रोड में रखा जा रहा है।

राजधानी के जीई रोड की सुंदरता में जल्द निखार आयेगा। 2.6 किलोमीटर दायरे की सड़क का सौंदर्यीकरण कर इसे आदर्श सड़क का स्वरूप दिया जा रहा है। इसमें पैदल चलने वालों के लिए सड़क के दोनों ओर पाथवे बनेगा। केबल तारों को भूमिगत कर वायरलेस एरिया बनाने सड़क की खुदाई कर अंडर ग्राउंड केबिलिंग का काम अनुबंधित एजेंसी इन दिनों कर रही है। डिवाइडर के बीच ग्रिल पेटिंग कर बीच-बीच में महापुरुषों के सुंदर चित्र का समावेश आदर्श रोड को आकर्षक बनाने किया जायेगा।

## 2.64 किलोमीटर की सड़क का सौंदर्यीकरण, लैंडस्कैपिंग कर देंगे भव्य रूप

### डिवाइडर के बीच नजर आयेगी हरियाली

डिवाइडर के बीच महापुरुषों के सुंदर चित्र के साथ आंखों को सुकून देने हरियाली लाने पौधारोपण किया जायेगा। यही नहीं, सड़क के दोनों ओर आकर्षक कलाकृति को स्थान देने की योजना है। जनजागरण का संदेश देने वाले स्लोगन सहित प्रेरक चित्र बनाने चित्रकारी कराई जायेगी। 3.50 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में डिवाइडर बनाते समय सड़क की चौड़ाई कम नहीं होगी, बल्कि जिन जगहों पर सिंगल डिवाइडर बना हुआ है, वहां डबल डिवाइडर बनाया जायेगा, ताकि जीई रोड से आने-जाने वालों को शहर का यह मुख्य मार्ग सुंदर लगे।



### ड्रेनेज सिस्टम होगा दुरुस्त

बारिश के समय मुख्य मार्ग की इस सड़क में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कराया जा रहा है। पूर्व में लगाये गये स्ट्रीट पोल पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था बनाई जा रही है।

### 6 माह की समय सीमा

शहर के मुख्य मार्ग की सड़क को आदर्श सड़क बनाने के इस प्रोजेक्ट की समय सीमा 6 माह तय की गई है। सड़क के दोनों ओर सुंदर लैंड स्कैपिंग कर थ्रीडी पेंटिंग कराई जायेगी, ताकि यह सुंदर दिखे।

*- पीके पंचायती, जीएम टेक्निकल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## टिकारापारा में आरडीए बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने अफसरों ने की प्लानिंग

# आरडीए 52 साल पुरानी 96 बिल्डिंग को बनाएगा मल्टी स्टोरी, इसके ग्राउंड फ्लोर में बनेगी पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

52 साल से ज्यादा पुराने 96 फ्लैट बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने की प्लानिंग अब आरडीए ने की है। इसके साथ ही टिकरापारा स्थित कॉलोनी का कायाकल्प करने के लिए आरडीए के अफसरों ने 23 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले कॉलोनी में रहने वाले परिवारों से सहमति मांगी है। इसके बाद उन्हें वन एवं टू बीएचके फ्लैट में बिजली, पानी, नाली के साथ पार्किंग की सुविधा मिलेगी। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के बाद मेंटेनेंस की जिम्मेदारी फिर से समिति को दी जाएगी।

आरडीए की टिकरापारा में एक कॉलोनी ऐसी है, जिसके रीकंस्ट्रक्शन के लिए 52 साल बाद प्रक्रिया शुरू की गई है। अभी इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को प्रापर सुविधा नहीं मिल रही है, लेकिन नई मल्टी स्टोरी बिल्डिंग को सुरक्षा के लिहाज से बेहतर बनाने की तैयारी की गई है। यह प्लानिंग बिल्डिंग के बाहरी हिस्से की जर्जर स्थिति को देखते हुए की गई है। आरडीए सूत्रों ने बताया कि तीन साल पहले भी कॉलोनी का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए प्लानिंग की गई थी। तब कॉलोनी के परिवारों ने सहमति देने के बजाय चुप्पी साध ली थी। इससे निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। अब इसमें कॉलोनी के लोगों ने सहमति देना शुरू किया है। इसे देखते हुए अक्टूबर के बाद काम शुरू करवाने की तैयारी आरडीए के अफसरों ने की है।



### साढ़े 6 व 10 लाख जमा करना होगा

आरडीए सूत्रों ने बताया कि अब कॉलोनी की बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने से पहले वहां रहने वाले लोगों से सहमति बना रहे हैं। साथ ही जिम्मेदारों ने बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन करवाने के लिए वन बीएचके का साढे 6 लाख व टू-बीएचके का साढ़े 10 लाख रुपए डिमांड तैयार करने के बाद जिन्हें फ्लैट अलॉट किया है, उनके नाम से जारी किया है। अब कॉलोनी की समिति के माध्यम से लोग इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए सहमति देने के लिए आगे आ रहे हैं। इसे देखते हुए आरडीए ने 23 करोड़ से ज्यादा में रीकंस्ट्रक्शन के लिए प्लानिंग पर अक्टूबर के बाद काम शुरू करने का मन बनाया है।

### मल्टी स्टोरी में मिलेगी यह सुविधा

अभी कॉलोनी के लोगों को हर फ्लैट में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिल रही है। कॉलोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्री भी नहीं है। इतना ही नहीं, इसमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी ध्वस्त है। इसे देखते हुए आरडीए ने ग्राउंड फ्लोर के अलावा 8 मंजिला बिल्डिंग बनाने के लिए 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसमें वन एवं टू-बीएचके के करीब 150 लोगों के लिए फ्लैट बनेंगे। इसमें अटैच लेट-बॉथ के अलावा कॉलोनी का परिसर तैयार होगा। इसमें बिजली, पानी के साथ ही सीवरेज लाइन भी सिस्टमेटिक की जाएगी। इसके साथ ही फ्लैट में रहने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी।

### रीकंस्ट्रक्शन के लिए मांगी सहमति

पुरानी बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए वहां रहने वाले परिवारों से सहमति मांगी गई है। साथ ही वन एवं टू-बीएचके फ्लैट के लिए डिमांड भी दिया जा रहा है। नई बिल्डिंग में लोगों को सभी जरूरी सुविधा देने का प्लान तैयार किया गया है।

*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता आरडीए, रायपुर*

# केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने किया सकरी प्लांट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने बुधवार को राजधानी से लगे सकरी स्थित रामकी के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक रीसाइकिलिंग यूनिट और कंपोस्ट यूनिट की जानकारी ली। उन्होंने विगत वर्ष निरीक्षण के बाद कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने राजधानी पहुंचकर रायपुर नगर निगम के सकरी स्थित ठोस अपशिष्ट निष्पादन केन्द्र का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन सेनेटरी लैंडफिल साइट तथा कार्यरत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की जानकारी ली। इस मौके पर सूडा के सीईओ शशांक पांडे, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी सहित रामकी की टीम मौजूद रही।

**तक्षशिला लाइब्रेरी में युवाओं से मिलीं संयुक्त सचिव :** केन्द्र सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस प्रणाली और मोतीबाग के पास स्थित स्मार्ट रीडिंग जोन सह लायब्रेरी तक्षशिला का अवलोकन किया।

# नाला सफाई में खानापूर्ति, तीन नालों में कचरा, प्लास्टिक मलबा जाम, निगम मुख्यालय तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में बारिश पूर्व बड़े नाले, नालियों की सफाई के मामले में नगर निगम फिसड्डी साबित हुआ है। अब तक दो राउंड की सफाई शहर के अलग-अलग इलाकों में जोन गैंग और निगम मुख्यालय के सेंट्रल गैंग की मदद से हो चुकी है। वहीं किराये की जेसीबी मशीन लगाकर जोन 3 इलाके के नालों की सफाई में टीम लगाई गई। इन सबके बाद भी शहर के 3 बड़े नाले प्लास्टिक, कूड़ा-करकट और पन्नियों से जाम हैं।

लोगों ने मौदहापारा के बड़े नाले, अमलीडीह कलर्स माल के पास बड़ा नाला और अवनि विहार के अरमान नाला की सफाई कराने निगम मुख्यालय तक शिकायत की है। वहीं महाराजबंध तालाब में गंदगी की भरमार और एसटीपी के आधे-अधूरे काम से भारी बदबू उठने लगी है।



### मौदहापारा का बड़ा नाला जाम

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित मौदहापारा मुख्य मार्ग स्थित बड़ा नाला प्लास्टिक, मलबा और कूड़ा करकट से पटा पड़ा है। इससे गंदे पानी का निकास बाधित हो रहा है। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि जोन के जेडएचओ को नाला सफाई कराने निर्देशित किया है। पूर्व में नाले की सफाई कराई गई थी, पर नाले में कचरा और प्लास्टिक के ढेर की वजह से निकास कार्य प्रभावित हो रहा है। इसकी जल्द सफाई कराई जायेगी।

### अरमान नाला में थर्माकोल प्लास्टिक बॉटल, जूते चप्पल

अवनिविहार के पास अरमान नाला में कीचड़ युक्त गंदा पानी के साथ थर्माकोल, प्लास्टिक की खाली बाटल, पुराने जूते चप्पल से लेकर प्लास्टिक की पन्नी, कैरीबेग और मलबा का ढेर लगा है। जन शिकायत के बाद ऐन बारिश के समय नगर निगम अब इस नाले की सफाई कराने जा रहा है। नाले के मुहाने पर जाम कचरे के ढेर को हटाने नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा जोन गैंग को सफाई में लगायेगा।

### 3 नालों में सफाई को लेकर मिली शिकायत

मौदहापारा के बड़े नाला, अमलीडीह क्षेत्र का बड़ा नाला और अरमान नाला को लेकर लोगों ने सफाई के संबंध में शिकायत की है। इसी तरह विपिन बिहारी सूर वार्ड के पीछे वाले हिस्से के नाले की सफाई दोबारा कराई जायेगी। संबंधित जोन के जेडएचओ को इसके लिए निर्देशित किया है।

*- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

### महाराजबंध तालाब के किनारे गंदगी का ढेर

महामाया मंदिर वार्ड स्थित शहर के ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब के पानी को साफ रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड करोड़ों रुपये खर्च कर तालाब में नाले, नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवा रहा है। 3 साल से चल रहा एसटीपी का काम अब तक पूरा नहीं हुआ। ऐसे में एसटीपी से लगे तालाब किनारे वाली जगह पर गंदगी और कचरे का ढेर जमा है। तेज बदबू से इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशान होने लगे हैं। वहीं महाराजबंध तालाब में शहर के नाले से आने वाला गंदा पानी रोकने का काम अधूरा होने से मुहाने पर कचरा जाम है। ऐसे में तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी सड़क पर ओवरफ्लो होकर बहते देर नहीं लगेगी।

# शासकीय विद्यालय खिसोरा में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खिसोरा विकासखंड बेरला में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवी में प्रवेश करने वाले नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस विकासखंड स्तरीय आयोजन में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ विभिन्न प्रतिनिधियों का भी आगमन हुआ।

मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा के विधायक दीपेश साहू थे। विधायक दीपेश साहू ने बच्चों को मिठाई एवं गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए हमेशा आगे बढ़ाने की शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर स्थानीय हाई स्कूल प्रांगण में 400 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आईएएस, आईपीएस बनकर हमारे गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम में बीआरसी खोमलाल साहू ने पूरे विकासखंड के संबंध में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल उपाध्यक्ष यामिनी वैष्णव, जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं विकासखंड बेरला विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नारायण ठाकुर, अधेश उइके, सीएसी सुरेन्द्र पटेल, श्यामलाल साहू, कुशल कुंजाम, सहित गांव के सरपंच उप सरपंच विद्यालय के अध्यक्ष, प्राचार्य श्री शर्मा, प्राथमिक प्रधान पाठक मुन्ना वैष्णो, जितेंद्र वर्मा, सहित पूरे विकासखंड के संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललितेश साहू और आभार प्रदर्शन बीईओ बेरला जय प्रकाश करमाकर ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./ /प्र.1/तह./2024 रा.प्र.क्र ......... ........ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता निवासी ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेतेतरा को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत शासकीय बाल देख रेख संस्था बालक कल्याण समिति एवं किशोर न्यायालय बोर्ड के भवन निर्माण हेतु ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेतेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 248/1, 248/2 रकबा 0.3240 व 0.6070 हे. मे से 0.80 हे. शासकीय भूमि को आबंटित किये जाने हेतु पत्र माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत किया है। जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त भूमि के आबंटन के संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो व नियत पेशी तारीख दिनांक 26/07/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## भिलाई इस्पात मजदूर संघ की प्रबंधन के साथ बैठक

# बिना कैटेगरी बंधन के कर्मचारियों को दें एक से अधिक आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात मजदूर संघ टाउनशिप की समस्याओं के जल्द निदानकी मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों की बैठक बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र सपकाले की उपस्थिति में नगर सेवाए विभाग के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई । यूनियन ने कर्मचारियों की परेशानी का हवाला दिया।

यूनियन के मुताबिक कई मुद्दे का निवारण हेतु एक कमेटी बनाई गई है जिसमे निम्न मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। आवास में अवैध कब्जा हटाने, संयंत्र कर्मचारियों को एक से अधिक आवास बिना कैटेगरी-बंधन के आवंटन किया जाने, एनक्यू , एनक्यू 2 टाईप मकानों को दो की जगह तीन क्वार्टर एक साथ एलाटमेंट की सुविधा देने। टाउनशिप के सभी चौक चौराहों पर अवैध कब्जा हटाया जाने, सेक्टर-6 ई मार्केट के सामने मछली मार्केट रोड पर लगाया जा रहा है, उस पर नियंत्रण कर पीछे किया जाये। सभी कर्मचारियों को बिना बाध्यता के एनक्यू -5 तक के मकान आबंटित किया जाये अन्य कार्य । बैठक में बारिश के पूर्व सभी सेक्टर एवं सेन्ट्रल एवन्यू, फोरेस्ट एवन्यू तथा गैरेज रोड में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कार्य शीघ्रपूर्णकरने,टाउनशिप मकानों का टारफेल्टिंग कार्य बारिस पूर्व पूर्ण करने, टाउनशिप में बिजली सप्लाई लोड को पूर्ण करने के लिए नया सबस्टेशन बनाने की मांग की। साथ टाउनशिप के सभी मकानों के बैक-लेन की सफाई एवं गटर चेंबर में ढक्कन लगाने की कार्य में तेजी लाने, सड़कों का नियमित मेंटेनेंस करने हेतु । ई मार्केट हास्पिटल के सामने रोड पर एम.जी.एम स्कूल तक अवैध रूप से रोड को कब्जा कर दूकान लगाईं जा रही है, उन पर नियंत्रण करने पर जोर दिया।

### शराब दुकान का कब्जा हटाएं

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि टाउनशिप में आवारा मवेशियों से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए मवेशियों को हटाने कांजी हाउस भेजन और आवारा कुत्तों का धरपकड़ और सिविक सेंटर बार एवं शराब दुकान द्वारा अवैध कब्जे किया हुआ बाउंड्री वाल तोड़ा तोडने की मांग की गई। संयंत्र कर्मी का परिवार जो डी.ए. बेसिक ले रहे है उन्हें बी,एस.पी द्वारा मकान लाइसेंस पद्धति से आबंटित किया जाए। प्रबंधन ने सभी पहलुओ पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में बीएसपी के महाप्रबंधक विष्णु पाठक,आरकेगर्ग, डीसीचंद्रकार, सरोज झा, यशवंत साहू, अनिल सिंह एवं कमरुद्दीन, श्री फुले व भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केश्वलू, उपाध्यक्ष सन्नी ईप्पन,डिल्ली राव, जगजीत सिंह, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा,प्रदीप पाल, जोगिन्दर कुमार, भूपेंद्र बंजारे,सचिव वेंकट रमैय्या,प्रकाश सोनी, भागीरती चंद्राकर उपास्तिथ थे ।



## खबर संक्षेप

### बारिश का इंतजार...

**बालोद/कलंगपुर।** बारिश की आस लगाए किसान मायूस होकर आसमान की ओर ताक रहे हैं। किसान तेज धूप से परेशान सिर पर खुमरी ओढ़कर अपने सूखे खेत में खरपतवार की निंदाई में लगे हुए हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि आज नहीं तो कल जरुर बारिश होगी।

### बिना पंजीयन क्लिनिक का संचालन, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया नोटिस

**डौंडीलोहारा।** आवेदक रूपेश कुमार सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल डौण्डीलोहारा द्वारा की गई शिकायत के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद द्वारा जांच कराए जाने पर मनोज साहू संजय नगर हाई स्कूल के सामने डौण्डीलोहारा में अवैधानिक रूप से दवाखाना का संचालन किया जा रहा है। उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत विकास खंड स्तरीय टीम द्वारा जांच कर प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त जांच प्रतिवेदन अनुसार नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके द्वारा आज दिनांक तक क्लीनिक संचालन के लिए नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत पंजीयन नहीं कराया गया है, न ही आवेदन दिया गया है। इस तरह नियम विरूद्ध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है, जो दण्डनीय है।

### सरपंच ने तीन लोगों के खिलाफ लिखाई धमकी देने की शिकायत

**बालोद।** ग्राम पंचायत परसूली की सरपंच ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ गालीगलौज कर विवाद करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए देवरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूरा मामला जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम परसूली का है। थाने में शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत परसूली की सरपंच मनटोरा बाई सोनकर पति गीताराम सोनकर ने बताया कि ग्राम परसुली के विकास कार्य के तहत गांव में शासकीय भूमि पर गांव के लोगों, पंचों की सर्व सम्मति से जनपद कार्यालय डौंडीलोहारा से गांव में लोक कला मंच निर्माण के लिए राशि आवंटित हुई है।इसके तहत ग्राम परसुली आमापारा चौक में शासकीय भूमि पर 6 जुलाई से कला मंच का निर्माण किया जा रहा है। 9 जुलाई को मजदूर काम कर रहे थे, तभी दोपहर करीब 1 बजे गांव के ही लच्छन सोनकर (बगरिया) पिता मदन सोनकर और शंकर सोनकर पिता मदन लाल सोनकर तथा लच्छन की पत्नी फुल कुंवर सोनकर ने हमारी जमीन पर कला मंच नहीं बनाने देंगे, कहते हुए विवाद करने लगे। सरपंच ने बताया कि तीनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। सरपंच की शिकायत पर पुलिस धारा 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**भिलाई।** चलती ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिले उपचार के लिए सुपेला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक घायल युवक का नाम धर्मेंद्र कुमार 18 वर्ष बताया जा रहा है। जो जांजगीर चांपा जिले के खैरमुड़ा गांव का निवासी है।

---

बोरसी के ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लगाया बिना फिल्टर गंदा पानी छोड़ने का आरोप

# नालों व खेतों में बह रहा फैक्ट्रियों से निकला गंदा पानी, ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखण्ड एवं भिम्भौरी तहसील इलाके के ग्राम बोरसी व समीपवर्ती अन्य गाँवों में स्थापित फैक्टरियों की निकासी नालियों में लालयुक्त गन्दा व विषैला पानी इन दिनों दिखाई पड़ रहा है।

जहाँ बोरसी गाँव के स्थानीय लोगों का मानना है कि यहाँ गाँव में लगातार कुछ फैक्टरियों का दूषित पानी बिना फिल्टर के ही बहाकर खुला छोड़ दिया जा रहा है, जो किसानों के खेतों में या फिर गाँव की नाले से होकर अन्य जलस्त्रोतों में जाकर मिल रहा है। लिहाजा बोरसी में अब फैक्टरी द्वारा इस प्रकार दूषित जल के छोड़े जाने से ग्रामीणों में भय व दहशत का वातावरण बन रहा है। वहीं, इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी कारखानों व मिलों के दूषित पानी को बिना फिल्टर किये ही खेतों में सीधा छोड़ा जा रहा है, जो काफी गम्भीर है।



गौरतलब हो कि बेरला रायपुर मुख्य मार्ग से मुरमुन्दा मार्ग पर स्थित बोरसी गाँव जिले का बहुचर्चित गाँव है। यहां समीप के ही पिरदा गाँव में स्थापित बारूद फैक्टरी में विगत कुछ माह पूर्व विस्फोटक तत्वों से ब्लास्टिंग की खबर काफी सुर्खियों में रही है, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, इसी क्षेत्र में बारूद के अलावा एल्युमिनियम मेटल व अन्य मिनरल्स के भी प्लान्ट व कारखाने स्थापित हैं। इन उद्योगों से रोजाना बड़ी मात्रा में औद्योगिक कार्य होने से बड़ी मात्रा में कम्पनी का गन्दा पानी भी निकलता है, वहीं इन्हीं के बीच फैक्टरी के निकासी पानी में इन दिनों खतरनाक केमिकल्स व अन्य नुकसानदायक मिनरल्स के साथ नालियों में पानी बह रहा है।

#### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

उक्त जानकारी आपके माध्यम से प्राप्त हो रही है। इस संबंध में कारखाने से निकले वेस्टेज पानी की जांच कराई जाएगी। अगर किसी फैक्टरी में बिना फिल्टरयुक्त पानी नालों व खेतों में छोड़ा गया, तो विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**- पिंकी मनहर, एसडीएम, बेरला**

### क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे फैक्ट्री संचालक : ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा फैक्टरी खुलने के प्रति विभिन्न स्तरों पर कम्पनी की कार्यशैली को लेकर मानक मापदण्डों के आधार के परिपालन पर ही अनुमति व अन्य सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है, किन्तु बोरसी सहित क्षेत्र के अन्य इलाकों में स्थापित विभिन्न फैक्टरी प्रबन्धन द्वारा प्रशासन के सारे नियम कायदे व कानून को ठेंगा दिखाकर मनमानी करते हुए क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। इस पर विकासखण्ड व जिला प्रशासन को तत्काल मौके का मुआयना कर जांच की जानी चाहिए एवं बगैर फ़िल्टर के पानी छोड़ने पर सम्बन्धित फ़ैक्टरी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गाँव में स्वास्थ्य के प्रति कोई परेशानी उत्पन्न न हो।

### दूषित पानी को लेकर नहीं हुई शिकायत : सरपंच

इस संबंध में ग्राम पंचायत बोरसी के सरपंच राजू वर्मा ने बताया कि गाँव में फिलहाल एकमात्र एल्युमिनियम फैक्टरी स्थापित है एवं एक और उद्योग अभी निर्माणाधीन है। साथ ही कुछ राइसमिल व कॉर्न स्टोरेज भी हैं। जबकि बारूद फैक्टरी पिरदा गाँव के अंतर्गत आता है। पानी को लेकर गांव में अभी शिकायत नहीं हुई है। एक अन्य स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि फैक्टरी में एकत्रित प्रदूषित जल को स्टोर करने के बजाए सीधे कृषि भूमि में छोड़ा जा रहा है, जो गाँव के मवेशियों व पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय जलस्त्रोत पर भी व्यापक असर पड़ रहा है। बोरसी के इस फैक्टरी के ऐसे लापरवाहीपूर्वक एवं मनमानीपूर्ण कार्यस्वरूप से ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा भी खतरे में दिखाई पड़ रहा है।

---

## मीडियाकर्मी ने जेसीबी मालिक के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

- मुरूम का अवैध खनन की खबर छापने पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

नगर पंचायत परपोड़ी में एक मीडिया कर्मी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए परपोड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मीडियाकर्मी तुकाराम पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि परपोड़ी शराब भट्ठी के पास मुरुम की अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। उसकी फोटो खींचकर डाला। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ देर बाद अवैध रूप से मुरुम खनन में लगे जेसीबी व हाईवा मालिक कमलेश जैन ने उसे फोन कर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मीडियाकर्मी ने बताया कि हाईवा मालिक ने कहा कि मुरुम खनन माफियाओं द्वारा दस फीट से अधिक गहरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि परपोड़ी के साथ-साथ अंचल में मुरुम खनन की शिकायत करने पर भी खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। श्री पटेल ने कहा कि माफिया ऊपर तक पहुंच होने की बात कहते हुए धमकी देते हैं। वहीं, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं किए जाने से खनिज विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाकर जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## ग्राम गनिया में 200 किसानों की समस्याओं का हुआ समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

शासन-प्रशासन के दिशानिर्देश पर विगत दिनों अन्नदाता किसान व ग्रामीणों की राजस्व सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए नवागढ़ राजस्व अनुविभाग अंतर्गत पटवारी हल्का मुख्यालय गनिया गाँव में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे की उपस्थिति में गनिया पटवारी हल्क के 16 गांव के लगभग 200 किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष के बुजुर्ग पूनाराम पिता टेकराम के नाम दर्ज भूमि को उनकी इच्छानुसार पुत्रों के मध्य विभाजित कर बंटवारा किया गया। कृषक बालाराम यादव द्वारा परम्परागत रूप से जल निकासी की व्यवस्था के लिए 2 फीट का रास्ता के लिए निजी जमीन पर सहमति बनाई गई। वहीं, अन्य मामलों में निस्तारी रास्ता पर किये गए अतिक्रमण को हटाकर रास्ता बहाल कराया गया। साथ ही इस दौरान 08 किसानों को ऋण पुस्तिका, 07 फौती, 01 बंटवारा एवं 68 आय-जाति व निवासी प्रमाण पत्र के आवेदन का निराकरण कर समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में ग्रामीणों एवं किसानों के साथ नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे के साथ नवागढ़ राजस्व अनुविभाग एवं ब्लॉक अंतर्गत अफसर व स्टॉफ मौजूद रहे।

---

## अहंकार से हो जाता है मनुष्य की बुद्धि का हरण : पराशर

**थानखमरिया।** व्यास पीठ पर विराजमान परम पूज्य संतोषी लाल पाराशर ने भागवत पुराण को हिन्दूओं के 18 पुराणों में से मोक्ष प्राप्ति के लिए एक श्रेष्ठ पुराण बताया। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवत भगवान भी कहते हैं। श्री पराशर ने प्रवचन में कहा कि भागवत में श्री कृष्ण जी की लीलाओं के वर्णन के साथ साथ व्यास जी ने सत्य की वंदना करते समय मंगलाचरण के श्लोक में सत्यम् परम् धीमहि लिखा है। इसका मुख्य वाणी विषय भक्ति भाव है, जिसमें श्री कृष्ण को व्यास जी ने श्याम भगवान के रूप में चित्रित किया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में भक्तिभाव का निरूपण किया गया है। कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत कथा का मूल मंत्र सदाचार है, जो इसे अपना लेता है समाज उसे सम्मानित करता है। ऐसे व्यक्ति से भगवान भी प्रेम करते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा में भक्ति ज्ञान वैराग्य ज्ञान योग कर्म योग समाज धर्म स्त्री धर्म राजनीति का ज्ञान भरा है।

- कथावाचक ने श्रीमद् भागवत को बताया मोक्ष प्राप्ति का माध्यम

कथावाचक ने भक्त प्रह्लाद की कथा का रसपान कराते हुए अंहकार रूपी पाप को सर्वदा त्याज्य बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिरण कश्यप को ब्रम्हाजी द्वारा विचित्र वरदान प्राप्त था कि उसे ना कोई नर मार सके ना ही कोई पशु, ना रात और ना ही दिन में मृत्यु हो, उसे कोई ना घर के बाहर या घर के भीतर ना मार सके इनके अलावा यह भी मांगा की ना धरती पर और ना ही आकाश में ना किसी अस्त्र से और ना किसी शस्त्र से मृत्य हो



इसी अहंकार में संत- महात्माओं और पुण्यात्माओं को सताने लगा था। जिस कारण भगवान पारब्रम्ह ने नरसिंह अवतार लेकर सभी वचनों को पूर्ण करते हुए हिरण्यकश्यप का वध किया। इसी प्रकार अंहकार के वशीभूत मनुष्य की बुद्धि हरण हो जाता है। व्यक्ति स्वयं को श्रेष्ठ समझने की भूल करता है। इसका परिणाम उसको भोगना पड़ता है।

### जिस भाव से भजते हैं, उसी भाव से मिलते हैं भगवान

कथा वाचक ने बताया कि कंस ने भगवान को शत्रु भाव से भजा, शिशुपाल ने भगवान को शत्रु भाव से भजा, जिस कारण सुदर्शन चक्र से उनका वध किया गया। यदुवंशियों ने, सुदामा जी ने भगवान को भक्ति भाव से भजा भगवान ने उनसे रिश्ता स्थापित किया। इसी प्रकार हमें भी ईश्वर के प्रति श्रद्धा विश्वास समर्पण होना चाहिए, क्योंकि आज भी भगवान प्रत्यक्ष हैं, लेकिन विश्वास होना चाहिए। इस अवसर पर महंत वसंत बिहारी दास अनिल सिंघानिया, नरेश सिंघानिया, श्रवण सिंघानिया, गोपी अग्रवाल, श्रवण केडिया, साकेत अग्रवाल, थानेश्वर पटेल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आवासीय बालिका विद्यालय बेमेतरा में लगाए गए पौधे

**बेमेतरा।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेमेतरा में विद्यालय के बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं ने आम, नीम, आँवला, गुलमोहर, अशोक जामुन कदम्ब सहित अनेक प्रकार के पौधे लगाए। इस दौरान पौधों के गुणों के बारे में बालिकाओं को बताया गया। विश्व में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण एवं जल संकट को केवल पेड़ पौधे लगाकर ही इसे दूर किया जा सकता है। आज के समय में यही एक सर्वश्रेष्ठ विकल्प है कि हम अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें। वृक्ष हमारे मित्र हैं, इस भावना के तहत हमें पेड़ पौधों का संरक्षण करना है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारे मित्र है, और इस अवसर पर हम सब की जिम्मेदारी है कि हर व्यक्ति एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाए और उनका संरक्षण करें जिस प्रकार मां हर परिस्थिति में अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। वैसे ही पेड़ पौधे भी हमें पौष्टिक फल, फूल, लकड़ी, शुद्ध वायु, औषधि और भी बहुत सारी चीज हमें प्रदान करती है और हमारे जीवन को सहज और सरल बनाती है। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त बालिकाओं और शिक्षिकाओं ने पेड़ पौधों की संरक्षण की शपथ ली और सभी बालिकाओं और शिक्षिकाओं ने अपनी मां के नाम एक-एक पौधों का रोपण कर इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया। इस पर विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिका राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकर, गायत्री साहू, विजय लक्ष्मी परगनिहा, सावित्री साहू, दीप्ती नौरंगे, सहित विद्यालय की समस्त बालिकाएं उपस्थित रही।



## बरगा में श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया माता शीतला जुड़वास कार्यक्रम

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ अंचल के गांव शहरों में साल के हर महिने में कुछ ना कुछ त्यौहार मनाते हैं, लेकिन देवी आराधना के लिए चैत्र और कुंवार को महापर्व माना गया है।



इसी बीच देवी आराधना का पर्व होता है मां शीतला जुड़वास, जिसे आषाढ़ माह में मनाया जाता है। समीपस्थ ग्राम बरगा में शीतला जुड़वास उत्सव समिति के तत्वावधान में जुड़वास कार्यक्रम 11 जुलाई गुरूवार को गुप्त नवरात्रि की पंचमी तिथि को मनाया गया। इस दिन ग्राम देवी शीतला माता का दूध से अभिषेक एवं वैदिक मान्यताओं अनुसार हवन पूजन किया गया। शाम को संगीतमय जस पचरा देवी भजन कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें गांव भर के माता-बहनों ने सम्मिलित होकर माता सेवा की। समिति के संस्थापक व संयोजक श्रवण साहू ने बताया कि विगत 10 वर्षों से मां शीतला की वर्षभर साप्ताहिक सेवा की जाती रही है। इस नई पीढ़ी आस्था-भक्ति-सभ्यताओं से जुड़ रही है। साथ ही गांव के नवसिखिए कलाकारों को जस गायन व वादन का भी भरपूर अवसर प्राप्त होता रहा है। हमारी समिति द्वारा सदैव से न केवल धार्मिक आयोजन किया जाता है, बल्कि जन सेवा को भी प्राथमिकता देकर निरंतर जरूरतमंदों का सहयोग किया जाता है। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक बल्लू नोहर पाल सरपंच, संरक्षक हेमंत साहू शिक्षक, पीलुराम साहू शिक्षक, पूनाराम साहू टेलर, कन्हैया पाल, अध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, संस्थापक व संयोजक श्रवण साहू कवि व गीतकार, ईश्वर गंधर्व ग्राम कोटवार, अजय साहू, देवराज साहू, रूपेश कुमार साहू, तेखन यादव, थान सिंह साहू, पोषण पाल,शेखर पाल, अरूण साहू सहित सभी ग्रामवासियों ने सहयोग प्रदान किया।

### प्रसाद में खीर के साथ दिया पौधा

प्रसादी वितरण के दौरान समिति ने अनूठी पहल की। समिति द्वारा खीर, पंचामृत तो दिया गया, साथ ही हर परिवार को एक पौधा भी रोपने के लिए दिया गया। लोगों से आग्रह किया गया कि पौधे को प्रसाद समझकर लगाएं और उसकी सुरक्षा करें। माता जुड़वास को ग्राम पुरोहित नीलधर प्रसाद तिवारी द्वारा शास्त्र सम्मत व वैदिक मान्यताओं द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में मोनू कुमार साहू सहपत्निक मुख्य यजमान रहे।

---

पुलिस अधीक्षक ने नवीन कानूनों के संबंध में मीडिया को दी जानकारी

# नागरिकों की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हैं नवीन कानून : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने संयुक्त पुलिस सभाकक्ष में देश में 1 जुलाई से लागू हुए 3 नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के संबंध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक लोगों तक नए क़ानूनों की जानकारी साझा करने को कहा।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए नवाचारों और सुधारों के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून लागू करने का उद्देश्य है कि न्याय की प्रक्रिया और भी प्रभावी और समयबद्ध हो सके। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के




अधिकारों की रक्षा और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। एसपी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता कानून का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाना है। इसके तहत न्यायालयों के कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कानून नागरिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लागू किया गया है। इसके तहत पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं ताकि वे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने अंतिम नवीन क़ानून के बारे में बताते हुये कहा की भारतीय साक्ष्य अधिनियम का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया में साक्ष्यों की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता को सुनिश्चित करना है। इसके तहत साक्ष्यों के संग्रहण, प्रस्तुति, और मूल्यांकन में सुधार किए गए हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, जनसंपर्क अधिकारी, पुलिस अधिकारी और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कानून की जानकारी के अभाव में होती हैं कई समस्याएं

अंत में एसपी श्री साहू ने कहा कि आम जनता को इन कानूनों के बारे में सही जानकारी और समझ प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कानूनों की जानकारी के अभाव में नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पूरा ज्ञान नहीं हो पाता, जिससे कई बार समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया जन जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मीडिया के माध्यम से सही और सटीक जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सकती है, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार होगा और समाज में शांति और सुरक्षा बढ़ेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मीडिया इस पहल में सहयोग करेगी और नवीन कानूनों की जानकारी और जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर कई मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल का स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया।

### अनुविभागीय अधिकारी ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज तिर्की ने नवीन क़ानून के संबंध में तैयार किए गए स्लाइड्स के माध्यम से प्रस्तुतिकरण कर विभिन्न धाराओं के तहत नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए शामिल किए गए धाराओं की जानकारी दी। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का समावेश, अपराधों एवं दंडों का पुनर्परिभाषित, आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन, पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता, आईपीसी और बीएनएस की सामान्यतः प्रयुक्त धाराओं तथा मोबाइल ऐप एनसीआरबी आपराधिक कानूनों का संकलन समय और शीघ्र न्याय के लिए जोड़े गए धाराओं के बारे में एवं कानूनों में किए गए मुख्य परिवर्तन एवं विशेषताओं को विस्तार से समझाया ।

## कलंगपुर के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के संबंध में दी गई जानकारी

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर प्रांगण में बच्चों के लिए राष्ट्रीय एनडीआरएफ टीम उड़ीसा द्वारा आपदा प्रबंधन एवं राहत बचाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों को आपदा से बचाव के उपाय बताए गए। घायलों का प्राथमिक उपचार, भूकंप एवं बाढ़ से बचाव के तरीके बताए गए। इस कार्यशाला में संस्था प्राचार्य पीटी आई, डीएल साहू, टीसी मंडावी, एचएल साहू, डीके साहू, एम टंडन, वाईके साहू, आरएन साहू, यूके साहू, वीके साहू, आरके साहू, एस सिंघारे, एम धाबे, आर मालवीय, एस विश्वास, सुनीता देवांगन के साथ छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411